
राष्ट्रीय सहारा
राष्ट्रीयता ■ कर्तव्य ■ समर्पण
नई दिल्ली। शुक्रवार ● 29 नवम्बर ● 2024

# नर्सरी दाखिला 2025 : अपने नौनिहालों के दाखिले का फॉर्म लेने पहुंचे अभिभावक

नई दिल्ली, (एसएनबी)। राजधानी के पब्लिक स्कूलों में सत्र 2025 के नर्सरी दाखिले के लिए आवेदन प्रक्रिया बृहस्पतिवार से शुरू हो गई है। अभिभावक सुबह अपने बच्चों के दाखिले का फॉर्म लेने कई स्कूलों में पहुंचे और स्कूलों के दरवाजों पर दस्तक दी। अभिभावक स्कूलों की दाखिले की अहम जानकारियां में जुटाने में लगे दिखे। पहले दिन ऑफलाइन आवेदन प्रक्रिया के तहत अभिभावक फॉर्म जुटाने में लगे रहे। उन्होंने कहा कि अभी फॉर्म ले रहें और स्कूलों के बारे में जानकारी जुटा रहें हैं, बाद में इसे जमा करेंगे। जबकि ऑनलाइन प्रक्रिया के तहत अभिभावकों ने ऑनलाइन आवेदन किया।



पीतमपुरा स्थित एमएम पब्लिक स्कूल की प्राचार्य रुमा पाठक ने बताया पहले दिन कुल 42 अभिभावक फॉर्म लेने स्कूल में पहुंचे। अभिभावक कुछ दिन बाद फॉर्म जमा करते हैं। स्कूल में नर्सरी की कुल 108 सीटें हैं। अभिभावक सुबह 8.30 से दोपहर 2.30 ऑफलाइन आवेदन फॉर्म ले सकते हैं। आईपी एक्सटेंशन स्थित मयूर पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्य स्वाति वर्मा ने बताया कि स्कूल में चली आवेदन प्रक्रिया में ऑफलाइन 85 अभिभावक फॉर्म ले गये, जबकि ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया के तहत 127 अभिभावकों ने आवेदन किया है। अभिभावक सुबह 8 से 11 बजे तक ऑफलाइन फॉर्म ले सकते हैं और जमा कर सकते हैं। मयूर विहार स्थित एएसएन सीनियर सैकेंडरी स्कूल की प्रधानाचार्य स्वर्णिमा लूथरा ने बताया कि स्कूल में ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया के तहत कुल 102 अभिभावकों ने आवेदन किया है। रामजस इंटरनेशनल स्कूल की प्रधानाचार्य ऋचा शर्मा ने बताया कि बृहस्पतिवार को सुबह 9 से दोपहर एक बजे तक आवेदन के तहत कुल 100 अभिभावकों ने आवेदन फॉर्म लिया। स्कूलों में आवेदन की अंतिम तिथि 20 दिसम्बर 2024 रखी गई है। नर्सरी दाखिले के लिए बच्चे की उम्र 3 साल से अधिक व 4 साल से कम होनी चाहिए। इसी प्रकार केजी कक्षा में दाखिले के लिए 4 साल से अधिक और 5 साल से कम होनी चाहिए। वहीं पहली कक्षा में दाखिले के लिए बच्चे की आयु 5 साल से अधिक व छह साल से कम होनी चाहिए। स्कूलों में दाखिले की पहली लिस्ट 17 जनवरी 2025 को जारी की जाएगी। इसी प्रकार दाखिले की दूसरी लिस्ट 3 फरवरी 2025 को जारी की जाएगी। निदेशालय ने दाखिले की लास्ट डेट 14 मार्च 2025 घोषित की है।

- **अभी फॉर्म जुटाने में लगे बाद में स्कूलों में करेंगे जमा**
- **किसी ने ऑफलाइन तो किसी ने ऑनलाइन किया आवेदन**
- **पब्लिक स्कूलों में दाखिले को आवेदन की अंतिम तिथि 20 दिसम्बर**